प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड हाईकोर्ट ने रघुवर दास कैबिनेट में शामिल पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में राज्य सरकार और एसीबी से चार हफ्ते में मांगा जवाब।**
2. **मुख्यमंत्री ने मंइयां सम्मान योजना में आ रही तकनीकी दिक्कतों के त्वरित समाधान का दिया निर्देश, विशेष कैंप की अवधि 15 अगस्त तक बढ़ायी, भाजपा ने सरकार पर जन भावना से खेलने का लगाया आरोप।**
3. **गढ़वा में झारखंड–बिहार की सीमा पर सोन नदी में अचानक आयी बाढ़ के कारण टीले पर फंसे सभी चालीस लोग और लगभग एक सौ मवेशी सुरक्षित बाहर निकाले गये।**
4. **पवित्र सावन माह की तीसरी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, साढ़े तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे देवघर, 13 किलोमीटर लंबी हुई कांवरियों की कतार।**
5. **पेरिस ओलंपिक में भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह, बैडमिंटन में लक्ष्य सेन से कांस्य पदक की उम्मीद।**

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य की रघुवर दास सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और जांच एजेंसी एसीबी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने शपथ पत्र के माध्यम से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए लाभुकों से आवेदन तीन अगस्त से लिए जा रहे हैं। इसके लिए सभी पंचायतों में विशेष कैंप लगाये जा रहे हैं। हालांकि तकनीकी कारणों से दस्तावेजों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को इस तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह भी कहा है कि महिलाओं को इस योजना से जोड़ने के लिए अब विशेष कैंप 15 अगस्त तक लगाए जाएंगे। पहले कैंप 10 अगस्त तक लगना था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 15 अगस्त के बाद भी महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाएगा।

****

इस बीच भाजपा ने राज्य सरकार पर जन–भावना से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि सरकार ने महिलाओं को हर साल 72 हजार रुपये देने का वादा किया था लेकिन अब महिलाओं को एक हजार रुपये महीना दिये जाने का सब्जबाग दिखाया जा रहा है।

****

झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज नयी दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राज्यपाल श्री गंगवार ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला मुख्यालय स्थित डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। अब इस प्रस्ताव को केन्द्रीय गृह मंत्रालय भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

****

साहिबगंज जिले में पीएम कुसुम योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

****

गढ़वा जिले में झारखंड–बिहार की सीमा पर सोन नदी के टीले पर बाढ़ के कारण फंसे 40 ग्रामीण और लगभग एक सौ मवेशियों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। हमारे गढ़वा संवाददाता ने बताया कि सभी को बिहार की सीमा की तरफ निकाला गया। इनमें 32 लोग गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के और आठ लोग बिहार के नावाडीह गाँव के थे। ये सभी सोन नदी के बीच एक टीले पर अपने मवशियों के साथ अस्थायी घर बनाकर रहते हैं। रिहंद डैम से पानी छोड़े जाने पर कल सोन नदी में अचानक बाढ़ आ गयी, जिसके कारण ये सभी टीले पर ही फंस गये थे।

****

पवित्र सावन माह की तीसरी सोमवारी पर आज राज्यभर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए साढ़े तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। सभी को प्रशासनिक देखरेख में कतारबद्ध कर जलाभिषेक कराया जा रहा है। कांवरियों की कतार 13 किलोमीटर लंबी हो गयी है।

****

पेरिस ओलंपिक के आज 11वें दिन भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने इतिहास रचा। महिला टीम स्पर्धा में पहली बार भाग ले रहे भारत ने रोमानिया को तीन–दो से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निशानेबाजी में महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरुका ने स्कीट मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया है।